हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 15 नवंबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 नहरों में गंदगी व झाड़-झंखाड़ से खेतों तक नहीं पहुंच रहा पानी, किसानों ने ...



07 मैनेजर बनने की खुशी मनाने जा रहे दोस्तों की कार खड़े ट्रक में घुसी...



खबर संक्षेप

16 नवंबर को शहर की जलापूर्ति रहेगी बंद

सागर। नगर पालिक निगम द्वारा राजघाट जल आवर्धन परियोजना के अंतर्गत राजघाट जल शोधन संयंत्र पर स्थित ट्रांसफार्मर की मरम्मत कार्य के कारण 16 नवंबर (सोमवार) को शहर की जलापूर्ति पूर्णतः बंद रहेगी। जलप्रदाय शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन क्षेत्रों में 16 नवंबर (सोमवार) को पेयजल आपूर्ति प्रस्तावित थी, उन क्षेत्रों में मरम्मत कार्य पूर्ण होने के उपरांत 17 नवंबर को जलापूर्ति की जाएगी। वहीं जिन क्षेत्रों में 17 नवंबर को जलापूर्ति निर्धारित थी, वहां 18 नवंबर को पेयजल आपूर्ति की जाएगी। निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने जलप्रदाय शाखा एवं टाटा प्रोजेक्ट के अधिकारियों को मरम्मत कार्य को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए अपील की है कि जलापूर्ति प्रभावित रहने की अवधि में आवश्यकतानुसार ही जल का उपयोग करें तथा पेयजल का अनावश्यक दुरुपयोग न करें।

संभागायुक्त ने अमृत 2.0 योजना के कार्यों का किया निरीक्षण

सागर। सागर संभागायुक्त दिलीप कुमार ने आज जनविश्वास अभियान अंतर्गत टीकमगढ़ जिले के भ्रमण के दौरान नगर पालिका टीकमगढ़ क्षेत्र में अमृत 2.0 योजना के तहत संचालित विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यों की प्रगति एवं निर्माण संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संभागायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत संचालित सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के निर्धारित मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए तथा कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। इस दौरान नगर पालिका टीकमगढ़ के सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया एवं इंजीनियर अजय दीक्षित उपस्थित रहे।

न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह 20 नवंबर तक

सागर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधि करण, जबलपुर के निर्देशानुसार 14 नवंबर से 20 नवंबर तक न्यायोंत्सवः विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस सप्ताह का उद्देश्य बच्चों की भागीदारी और उनके अधिकारों की समझ को प्रोत्साहित करना है। इसके अंतर्गत विद्यालयों में कहानी सुनाना, निबंध लेखन, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर बनाना, नारा लेखन, रोल-प्ले, फैंसी ड्रेस और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों जैसी अंतः क्रियात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। सप्ताह के अंतर्गत 15 नवंबर को मैराथन / वॉकथॉन का आयोजन भी किया जाएगा।

17 नवंबर को आईटीआई सागर में लगेगा प्रवेश शिविर

सागर। मध्यप्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार जनरेशन बोर्ड, भोपाल के निर्देशानुसार कौशल संवर्धन अभियान के तहत 17 नवंबर को शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), सागर में एक दिवसीय प्रवेश शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में युवाओं को संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क, भोपाल सहित विभिन्न आधुनिक तकनीकी ट्रेडों में प्रवेश एवं प्रशिक्षण संबंधी विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके पूर्व विद्यार्थियों द्वारा अपने अनुभव साझा किए जाएंगे तथा प्रशिक्षण के बाद उपलब्ध रोजगार के अवसरों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

ग्राम पंचायत में गबन को लेकर की थी शिकायतें, नहीं हुई कार्रवाई

ग्राम पंचायत गौरझामर के पंच ने जहरीला पदार्थ खाया, जिला चिकित्सालय रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

देवरी विकासखंड की ग्राम पंचायत गौरझामर के वार्ड क्रमांक 15 के पंच दुर्गाप्रसाद पटैल ने विगत शुक्रवार को जहरीला पदार्थ खा लिया था जिसके चलते उन्हे सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र देवरी लाया गया था जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हे जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। स्थानीय पत्रकारों को दिये गये बयानों में पीड़ित द्वारा ग्राम पंचायत गौरझामर में हुए गबन को लेकर की गई शिकायतों पर कार्रवाई न होने एवं ग्राम पंचायत के सचिव सरपंच के विरूद्ध प्रताड़ना की बात कही गई है।

जानकारी के अनुसार विगत शुक्रवार रात्रि में ग्राम पंचायत गौरझामर के वार्ड क्रमांक 15 के पंच दुर्गाप्रसाद पटैल को जहर खुरानी के चलते सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र देवरी में भर्ती कराया गया था। जहाँ तैनात चिकित्सक द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया था परंतु उन्हे सांस लेने में तकलीफ सहित अन्य शिकायतों के चलते रात्रि में ही जिला चिकित्सालय रिफर किया गया था। पीड़ित के द्वारा स्थानीय पत्रकारों के समक्ष ग्राम पंचायत में चल रही गड़बड़ी सहित प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कार्रवाई न किए जाने के चलते उक्त कदम उठाये



जाने की बात कही गई थी। जिसके वीडियों एवं समाचार सोशल मीडिया एवं मीडिया में प्रसारित हो रहे है।

ग्राम पंचायत में गड़बड़ी का आरोप

जहरखुरानी की शिकायत के बाद देवरी सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र लाये गये ग्राम पंचायत गौरझामर के पंच दुर्गाप्रसाद पटैल ने स्थानीय पत्रकारों को बताया कि ग्राम पंचायत गौरझामर में 5 करोड़ का गबन हुआ है, जिसके संबंध में उसके द्वारा जनपद पंचायत सीईयो, कमिश्नर सागर, कलेक्टर सागर, एसडीएम देवरी को शिकायत की गई थी परंतु कोई कार्रवाई नही की गई है। उसके पास घोटाले से संबधित सभी साक्ष्य हैं परंतु किसी भी अधिकारी द्वारा उसका पक्ष जानने के लिए नही बुलाया गया है। पीड़ित का कहना है कि मामले में कार्रवाई को लेकर उसके द्वारा 181 पर शिकायत भी दर्ज कराई गई है जिसको लेकर उसे लगातार धमकाया जा रहा है। उसके द्वारा ग्राम पंचायत में आरटीआई लगाने पर सरपंच-सचिव के लोगो द्वारा उसके घर आकर उसे धमकाया गया है, पंच का आरोप है कि मामले के संबंध में ग्राम पंचायत सरपंच से संबंधित पक्ष का कहना है कि पीड़ित पंच द्वारा उसके पारिवारिक विवाद के चलते जहरखुरानी की गई है, इसका ग्राम पंचायत से कोई लेना देना नहीं है।

अधिकारियों ने किया जानकारी से इनकार

मामले को लेकर विभाग के स्थानीय अधिकारियों एवं पुलिस विभाग द्वारा घटना की जानकारी होने से इनकार किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अस्पताल से मेमो प्राप्त होने के बाद वह मामला संज्ञान में लेकर पीड़ित के बयान दर्ज कर कार्रवाई करेंगे। वहीं विभाग के अधिकारियों द्वारा मामले की किसी प्रकार की जानकारी होने से इनकार करते हुए मामले से पल्ला झाड़ लिया गया।

चीमाढाना सड़क हादसे में दो ने उपचार के दौरान दम तोड़ा

देवरीकलाँ सागर जिले के देवरी थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे 44 पर ग्राम चीमाढाना के समीप सोमती अमावस्था के दिन हुए भीषण सड़क हादसे का शिकार बने 2 और घायलों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। कार्तिक अमावस्या के दिनं नर्मदा स्नान के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की अर्टिका कार के ट्रक से टकराने के बाद हुई इस घटना में 4 व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई थी। उपचार के दौरान 2 और घायलों की मौत के बाद अब मृतकों की संख्या 6 हो गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दर्दनाक हादसे के करीब पांच दिन बाद उपचार के दौरान दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए प्रहलाद विश्वकर्मा (45), निवासी सेमरा गुरु थाना बंदरी और रामगोपाल प्रजापति (57), निवासी रामनगर भेंसा, थाना कैंट की उपचार के दौरान मौत हो गई है। गौरतलब है कि 9 नवंबर को ग्राम गोपालपुर के पास एक तेज रफ्तार अर्टिगा कार खड़े ट्रक में जा घुसी थी। कार में सवार लोग नरयावली से बरमान स्नान के लिए जा रहे थे।



शहर कांग्रेस सेवादल ने पं. नेहरू के जन्म दिवस को बच्चों के बीच जाकर मनाया

सागर। शहर कांग्रेस सेवादल परिवार ने स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहर लाल नेहरू के जन्मजयंती के अवसर पर शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे के नेतृत्व में काकागंज वार्ड पहुंच कर गरीब बच्चों को कापी, पेन, पेंसिल और टाफियां बांटकर पं. नेहरू के जन्म जयंती को सार्थक बनाया। इस अवसर पर सेवादल प्रदेश महासचिव विजय साहू ने कहा कि पं.नेहरू एक ऐसी शख्सियत है जिनने स्वतंत्रता के बाद साधन संसाधन विहीन देश की बागडोर संभाली और देश को विकास की पटरी पर अग्रसर किया । शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने कहा कि भारत की आजादी से लेकर एक मजबूत, आधुनिक, लोकतांत्रिक और समाजवादी राष्ट्र की नींव नेहरू के ऐतिहासिक योगदान तक बनी हुई है। पार्षद प्रतिनिधि चमन अंसारी ने बताया कि पंडित नेहरू का सादा जीवन अनुकरणीय है. उनके विचारों और जीवन से आज भी सीख लेने की जरूरत है। इस अवसर पर द्वारका चौधरी, नितिन पचौरी, लल्ला यादव, संजय सहारा, अन्नू घोषी, हरीष सोनी, अंकुर यादव, परख शुक्ला, प्रवीण यादव आदि उपस्थित रहे।



फेरी टोकरी कामगार दिवस पर पथ विक्रेताओं के लिए लगाया ऑनलाइन शिविर

सागर। असंगठित क्षेत्र की श्रमजीवी महिलाओं को उनके अधिकारों और शासन की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से संस्था सेवा द्वारा भगवानगंज वार्ड में फेरी टोकरी अंतरराष्ट्रीय कामगार दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत पथ विक्रेताओं के लिए ऑनलाइन शिविर लगाया गया, जिसमें करीब 30 महिलाओं के ऋण आवेदन किए गए। संस्था का उद्देश्य ऋण के माध्यम से महिलाओं के आजीविका के साधनों को मजबूत करना और उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। संस्था पिछले 30 वर्षों से सागर जिले में असंगठित क्षेत्र की श्रमजीवी महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, जैविक खेती और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रही है। साथ ही महिलाओं और उनके परिवारों को बेहतर जीवन के लिए जागरूक भी किया जा रहा है।कार्यक्रम के दौरान बाल दिवस भी मनाया गया। इसमें बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



अग्रणी महाविद्यालय में 16 नवंबर से तीन दिवसीय युवा उत्सव, 27 विधाओं में दिखेगी प्रतिभा

जिला, संभाग और प्रदेश स्तर पर प्रतिभा दिखाने का मिलेगा अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पं. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महा विद्यालय में 16 से 18 नवंबर तक तीन दिवसीय महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव 2026 आयोजित किया जाएगा। प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता के निर्देशन में होने वाले इस आयोजन में छात्र-छात्राएं 27 विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर प्राचार्य की अध्यक्षता में स्टाफ काउंसिल की बैठक हुई। इसमें प्रशासनिक अधिकारी डॉ. इमराना सिद्दीकी और वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. विनय शर्मा ने सुझाव दिए। प्रतियोगिताओं के संचालन के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर प्राध्यापकों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। युवा उत्सव प्रभारी डॉ. अभिलाषा जैन ने बताया कि प्रतियोगिताओं में साहित्य, कला, संगीत, नृत्य और नाट्य सहित विभिन्न विधाएं शामिल हैं। महाविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके बाद चयनित प्रतिभागियों को संभाग, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। मीडिया प्रभारी डॉ. संदीप सबलोक ने बताया कि प्रतियोगिताओं में वाद-विवाद, भाषण, रंगोली, चित्रकला, प्रश्न-मंच, एकल एवं समूह गायन, नृत्य, मिमिक्री, मूक अभिनय, एकांकी और नाट्य प्रस्तुतियों सहित कुल 27 विधाएं शामिल हैं। प्राचार्य एवं आयोजन प्रभारी ने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

बाल दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित, बच्चों को बताए अधिकार एवं सुरक्षा के कानूनी प्रावधान

पॉक्सो अधिनियम, साइबर सुरक्षा, बाल शोषण की रोकथाम एवं निःशुल्क कानूनी सहायता की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 14 नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर पारस विद्या विहार स्कूल (सीनियर), राजघाट रोड सागर में विधिक साक्षरता शिविर एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को किशोर न्याय अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, साइबर सुरक्षा, व्यक्तिगत सुरक्षा, बाल शोषण की रोकथाम एवं निःशुल्क कानूनी सहायता के संबंध में जानकारी दी गई।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एम.के. शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संतोष सैनी, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड वीणा अग्निहोत्री, विद्यालय के डायरेक्टर अभिषेक जैन, प्राचार्य रितु सोनी एवं समन्वयक करनवीर सिंह सहित शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

प्रधान जिला न्यायाधीश एम.के. शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनके अधिकारों की रक्षा करना समाज एवं कानून की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निःशुल्क शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम से विद्या अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्या से विनय, विनय से पात्रता और पात्रता से धन प्राप्त होता है, जिससे जीवन में सुख की प्राप्ति होती है। उन्होंने प्रत्येक बच्चे को आवश्यकता पड़ने पर सुलभ एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संतोष सैनी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति बच्चों के साथ गलत व्यवहार करता है, डराता-धमकाता है अथवा उनके अधिकारों का उल्लंघन करता है, तो उन्हें चुप नहीं रहना चाहिए। ऐसी स्थिति में माता-पिता, शिक्षकों अथवा किसी विश्वसनीय व्यक्ति को जानकारी दें। आवश्यकता पड़ने पर कानून एवं विधिक सेवा प्राधिकरण उनकी सहायता के लिए उपलब्ध है। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों की भावनाओं को समझने, उनकी बातें सुनने और उन्हें भयमुक्त वातावरण प्रदान करने की अपील की। उन्होंने निःशुल्क विधिक सहायता, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं उपलब्ध परामर्श सेवाओं की जानकारी देते हुए बच्चों को किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार या शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया।

प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड वीणा अग्निहोत्री ने किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम एवं पॉक्सो अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने साइबर सुरक्षा, जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार तथा गुड टच और बैड टच के अंतर को समझाते हुए बच्चों को व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए कहानी सुनाना, निबंध लेखन, चित्रकला, रोल प्ले, फैंसी ड्रेस एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में जागरूकता एवं आत्मविश्वास बढ़ाने का प्रयास किया गया।



बाल मेला जैसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत सहायक होते हैं : प्राचार्य जिझोतिया

खुरई। तक्षशिला कान्वेंट स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में बाल मेले एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शासकीय ललिता शास्त्री संकुल प्राचार्य एच.एन. जिझोतिया तथा विशिष्ट अतिथि शासकीय मॉडल स्कूल के प्राचार्य के.पी. यादव रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य एवं गीतों की प्रस्तुति दी। बाल मेले में विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल मुख्य आकर्षण रहे। अतिथियों ने स्टॉलों का निरीक्षण किया और बच्चों द्वारा तैयार व्यंजनों का स्वाद लिया। साथ ही विज्ञान एवं कला प्रदर्शनियों का अवलोकन कर बच्चों से प्रोजेक्ट्स के बारे में जानकारी ली। मुख्यअतिथि झिझोतिया ने कहा कि बाल मेला जैसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं।

हंगामे के बाद पहुंची केसली पुलिस ने दिया कार्रवाई का आश्वासन, आरोपी फरार

नादिया गांव में महिलाओं ने चिप्स-कुरकुरे की दुकान से पकड़ी अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

केसली विकासखंड के ग्राम नादिया में हो रहे अवैध शराब विक्रय से परेशान ग्रामीण महिलाओं ने गांव की एक चिप्स-कुरकुरे की दुकान की घेराबंदी कर उससे बेची जा रही शराब छीन ली और जमकर हंगामा किया। मामला बिगड़ता देख उक्त दुकानदार मौके से चंपत हो गया घटना की जानकारी मिलने के बाद पहुँची थाना पुलिस ने महिलाओं को आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई एवं गांव में अवैध शराब विक्रय पर पूर्ण रोक लगाये जाने का आश्वासन दिया है।

जानकारी के अनुसार केसली विकासखंड के दुरस्थ ग्राम नादिया में अवैध शराब विक्रय को लेकर नादिया और आसपास के गांवों की महिलाओं ने लामबंद होकर जमकर हंगामा किया। गांव की एक चिप्स-कुरकुरे सहित रोजना जरूरत के सामान की दूकान में दर्जनों की संख्या में एकत्र होकर पहुँची महिलाओं ने बच्चों को शराब बेचे जाने का विरोध किया और दुकानदार को जमकर खरी-खोटी सुनाई। महिलाओं ने दूकान से थैले में रखकर बेची जा रही शराब को अवैध बताते हुए उसे कब्जे में ले लिया और जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों द्वारा



थाना पुलिस को सूचना दिये जाने के बाद उक्त दूकानदार स्थिति बिगड़ती देख मौके से भाग गया। जिसके बाद महिलाओं ने सड़क पर जमकर प्रदर्शन किया।

बच्चों को बेची जा रही शराब

महिलाओं का आरोप था कि ग्राम और आसपास के इलाके में छोटी-छोटी दूकानों पर अवैध रूप से शराब बेची जा रही है जिसके कारण ग्राम के बड़े-बुजुर्गों के साथ छोटी आयु के स्कूल जाने वाले बच्चे भी शराब के नशे के आदि हो रहे है। महिलाओं का कहना था कि शराब की लत के कारण गांव में पहले भी कई मौते हो चुकी है, उन्होने गांव और आसपास के इलाकों में शराब विक्रय पर पूर्ण रोक लगाये जाने की मांग की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद नादिया पहुँचे केसली थाना प्रभारी धर्मवीर सिंह बघेल ने महिलाओं से बात की एवं उन्हे कार्रवाई आश्वासन दिया, उन्होने अपना मोबाइल नंबर ग्रामीणों को उपलब्ध कराते हुए शराब विक्रय की सूचना दिये जाने का आग्रह किया। उन्होने ग्रामीणों को बताया कि इस संबंध में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए थाना पुलिस ग्रामों में कार्यक्रमों का आयोजन भी कर रही है। महिलाओं द्वारा थाना प्रभारी को दूकानदार से छीना गया अवैध शराब का थैला देते हुए कारवाई की अपील की जिस पर थाना पुलिस द्वारा नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

ठेकेदारों की प्रतिस्पर्धा से ग्रामीण परेशान

ग्रामीणों ने बताया कि नादिया एवं उसके आसपास आने वाले ग्राम कंजेरा, केमवारी, केरपानी, चौराडोंगरी में अवैध शराब विक्रय किया जाता है, ग्रामीणों का कहना है कि उक्त इलाका दूरस्थ होने के कारण आसपास के इलाके के ठेकेदार सस्ते दामों पर शराब का विक्रय करते है। उनके गुर्गे गांव में शराब की पेटिया खेत, नदी, नालों में छिपाकर ग्रामीणों को अवैध रूप से शराब विक्रय करते है। शराब ठेकेदारों की इस प्रतिस्पर्धा के कारण उक्त इलाके में जमकर शराब विक्रय हो रहा है और इलाके की नौजवान पीढ़ी और स्कूली बच्चे भी इस लत का शिकार हो रहे है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं लोक न्यास पंजीयक सागर जिला सागर म.प्र.

रा.प्र.क्र. -बी 121 वर्ष 2026 -27 नौजा-सागर खस तह.व जिला सागर

//इश्तहार//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ट्रस्टी ऋषभ कुमार पिता लखमीचंद जैन निवासी बाहुबली कॉलोनी सागर तह. व जिला सागर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि लोक न्यास श्री बाहुबली दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट कं.255 सा. बाहुबली कॉलोनी सागर तहसील व जिला सागर में म.प्र. पब्लिक ट्रस्ट एक्ट 1951 की धारा 09 के अंतर्गत रजिस्टार ऑफ पब्लिक ट्रस्ट मे पंजीयन/ संशोधन/ परिवर्तन किये जाने बाबत निवेदन किया है। जिसके ट्रस्टी एवं कार्यकारी न्यासी., प्रबंधक के नाम पते निम्नानुसार है :-

क्र.	नाम एवं पता	परिवर्तन का कारण	पद/प्रबंधक	न्यासी
1	श्री राजकुमार पिता श्री कस्तूरचंद जैन निवासी बाहुबली कॉलोनी, मोतीनगर वार्ड सागर	बैठक दिनाँक 17.01.2026 के अनुसार परिवर्तन	अध्यक्ष	ट्रस्टी
2	श्री मनोज कुमार पिता श्री प्रेमचंद जैन निवासी बाहुबली कॉलोनी, मोतीनगर वार्ड सागर	बैठक दिनाँक 17.01.2026 के अनुसार परिवर्तन	कोषाध्यक्ष	ट्रस्टी
3	श्री अजय कुमार पिता श्री पूरनचंद जैन निवासी बाहुबली कॉलोनी, मोतीनगर वार्ड सागर	बैठक दिनाँक 17.01.2026 के अनुसार परिवर्तन	सदस्य	ट्रस्टी
4	श्री दीपक कुमार पिता श्री उत्तमचंद जैन निवासी बाहुबली कॉलोनी, मोतीनगर वार्ड सागर	बैठक दिनाँक 17.01.2026 के अनुसार परिवर्तन	सदस्य	ट्रस्टी
5	श्री ऋषभ कुमार पिता श्री लखमीचंद जैन निवासी बाहुबली कॉलोनी, मोतीनगर वार्ड सागर	बैठक दिनाँक 17.01.2026 के अनुसार परिवर्तन	सदस्य	ट्रस्टी
6	श्री अनिल कुमार पिता श्री कोमलचंद जैन निवासी बाहुबली कॉलोनी, मोतीनगर वार्ड सागर	बैठक दिनाँक 17.01.2026 के अनुसार परिवर्तन	सदस्य	ट्रस्टी
7	श्री दीपक कुमार पिता श्री प्रकाशचंद जैन बहेरिया निवासी बाहुबली कॉलोनी, मोतीनगर वार्ड सागर	बैठक दिनाँक 17.01.2026 के अनुसार परिवर्तन	सदस्य	ट्रस्टी

अतः उपरोक्तानुसार लोक न्यास **लोक न्यास श्री बाहुबली दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट कं.255 सा. बाहुबली कॉलोनी सागर** तहसील व जिला सागर नवीन ट्रस्ट / दस्तावेज/ परिवर्तन / संशोधन किये जाने में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति अथवा ऊजर हो तो वह पेशी दिनांक '18/11/2026' को इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित अवधि के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा उज्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

लोक न्यास पंजीयक एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.)सागर जिला सागर म.प्र.

किसानों ने खुद चंदा जुटाकर कराई थी सफाई, बुवाई का सीजन निकलने की चिंता

नहरों में गंदगी व झाड़-झंखाड़ से खेतों तक नहीं पहुंच रहा पानी, किसानों ने लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़





जाम के बाद मौके पर पहुंचा विभाग, जेसीबी से सफाई शुरू

खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंचाने वाली नहरें जब खुद गंदगी और झाड़-झंखाड़ से पट जाएं तो किसानों की परेशानी का अंदाजा लगाया जा सकता है। बड़ागांव धसान कस्बे में शनिवार को नहरों की सफाई नहीं होने से नाराज किसानों का आक्रोश सड़क पर फूट पड़ा। किसानों ने ककरवाहा-ललितपुर मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। उनका आरोप है कि सिंचाई विभाग द्वारा समय पर नहरों की सफाई नहीं कराई जाती, जिसके चलते पानी खेतों तक नहीं पहुंच पाता और किसानों को बुवाई के महत्वपूर्ण समय में परेशान होना पड़ता है। प्रदर्शन के कारण मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन प्रभावित हुआ।

प्रदर्शन कर रहे किसानों का कहना था कि नहरों में लंबे समय से सफाई नहीं हुई है। जगह-जगह गंदगी, झाड़ियां और कचरा जमा होने के कारण पानी का बहाव बाधित हो रहा है। इसका सबसे ज्यादा नुकसान नहर के अंतिम छोर यानी टेल क्षेत्र में स्थित खेतों के किसानों को उठाना पड़ रहा है। समय पर सिंचाई का पानी नहीं मिलने से खेती का पूरा कार्यक्रम प्रभावित हो रहा है। किसानों ने कहा कि बुवाई के सीजन में पानी की जरूरत सबसे अधिक होती है, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण उन्हें समय पर पानी नहीं मिल पा रहा है। किसान कमलेश लोधी ने आरोप लगाया कि नहर की सफाई कराने के लिए हर साल किसानों को सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करना पड़ता है। सिंचाई विभाग द्वारा समय रहते सफाई नहीं कराए जाने से किसानों को परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों में किसानों ने आपस में चंदा एकत्रित कर अपने खर्चे से नहर की सफाई कराई थी। जब नहरों की सफाई की जिम्मेदारी विभाग की है तो किसानों को खुद पैसे खर्च करने और आंदोलन करने की नौबत क्यों आ रही है। उन्होंने कहा कि यदि समय पर पानी नहीं मिला तो फसलों की बुवाई प्रभावित होगी और किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

किसानों द्वारा चक्काजाम किए जाने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और सिंचाई विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और नहर की सफाई शीघ्र कराने का आश्वासन दिया। मौके पर पहुंचे सिंचाई विभाग के इंजीनियर वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि नहर की सफाई के लिए जेसीबी मशीन बुला ली गई है और पूरी नहर की सफाई कराई जा रही है। विभागीय अधिकारियों द्वारा जल्द खेतों तक पानी पहुंचाने का भरोसा दिए जाने के बाद किसानों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया।

हर साल आंदोलन के बाद ही टूटती है विभाग की नींद

किसानों की नाराजगी का बड़ा कारण केवल नहरों की गंदगी नहीं, बल्कि हर साल सामने आने वाली वही समस्या है। यदि सिंचाई सीजन शुरू होने से पहले नहरों की नियमित सफाई और रखरखाव कराया जाए तो किसानों को सड़क पर उतरने की जरूरत ही नहीं पड़े। चक्काजाम के बाद जेसीबी मशीन पहुंचना विभागीय सक्रियता जरूर है, लेकिन सवाल यह है कि किसानों को अपनी मांग मनवाने के लिए हर साल आंदोलन का सहारा क्यों लेना पड़ता है। अब देखना होगा कि शुरू कराया गया सफाई अभियान कितनी जल्दी पूरा होता है और किसानों के खेतों तक पर्याप्त पानी पहुंच पाता है या नहीं।



शराब के दाम को लेकर विवाद, तीन लोगों ने दुकान पर बरसाए पत्थर

टीकमगढ़। जिले के ग्राम देरी में सरकारी शराब दुकान पर शराब के दाम को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते पथराव और हंगामे में बदल गया। शराब लेने पहुंचे तीन लोगों ने दुकान पर जमकर पत्थर बरसाए। इस दौरान दुकानदार को गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई। अचानक हुई पत्थरबाजी से दुकान पर अफरा-तफरी मच गई और दुकानदार ने किसी तरह बचकर अपनी जान बचाई। घटना का वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा में आ गया है। जानकारी के अनुसार, शनिवार को ग्राम देरी स्थित सरकारी शराब दुकान पर उमेश त्रिपाठी अपने दो अन्य साथियों के साथ शराब लेने पहुंचा था। यहां शराब अधिक मूल्य पर बेचने को लेकर दुकानदार और युवकों के बीच विवाद हो गया। हालांकि दुकानदार ने आरोप लगाया है कि तीनों लोग उससे मुफ्त में शराब देने और पैसों की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं करने पर आरोपियों ने विवाद बढ़ाते हुए दुकान पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। प्रत्यक्ष घटनाक्रम के दौरान आरोपियों ने दुकान पर लगातार पत्थरबाजी की। इस दौरान दुकानदार पत्थरों की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया। आरोपियों ने उसके साथ अभद्रता और गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। काफी देर तक दुकान पर हंगामे की स्थिति बनी रही। घटना के दौरान हुई पत्थरबाजी का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दुकान पर हुए हंगामे को लेकर चर्चा हो रही है।घटना की शिकायत के बाद देरी चौकी पुलिस ने उमेश त्रिपाठी सहित दो अन्य आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि मुख्य आरोपी उमेश त्रिपाठी का पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। शराब के दाम को लेकर हुआ विवाद वास्तव में किस वजह से हिंसक हुआ और पत्थरबाजी में कौन-कौन शामिल था, पुलिस इसकी पड़ताल कर रही है।

मुफ्त शराब और पैसों की मांग करने का दुकानदार ने लगाया आरोप

बच्चों ने व्यंजनों व हस्तकला के स्टॉल लगाकर दिखाई रचनात्मकता

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजी बाल दिवस की महफिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

भगवान महावीर बाल संस्कार केंद्र में बाल दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से जहां अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, वहीं मेले के रूप में लगाए गए स्टॉल के माध्यम से रचनात्मकता और स्वावलंबन का परिचय दिया। पूरे आयोजन में बच्चों का उत्साह देखते ही बना। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद बच्चों ने नृत्य, कविता पाठ, समूह गीत और नाटिका जैसी आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। प्रत्येक प्रस्तुति में बच्चों का आत्मविश्वास और उत्साह साफ नजर आया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बाल मेले के रूप में लगाए गए स्टॉल रहे। इनमें बच्चों ने स्वयं तैयार किए गए विभिन्न प्रकार के व्यंजन, हस्तकला और रचनात्मक वस्तुओं का प्रदर्शन किया। अभिभावकों और आमंत्रित अतिथियों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ ही स्वावलंबन और व्यवहारिक कौशल सीखने का अवसर मिला।

इस अवसर पर केंद्र के शिक्षकों ने बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे में अपार प्रतिभा छिपी होती है। जरूरत केवल उसे पहचानने, निखारने और उचित अवसर व मार्गदर्शन देने की है। बच्चों की प्रतिभा को सही दिशा मिले तो वही उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बन सकती है। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। बाल दिवस का यह आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता, स्वावलंबन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने की दिशा में प्रेरणादायक पहल साबित हुआ।



सांदीपनि विद्यालय में बालसभा और बाल मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती एवं बाल दिवस के अवसर पर नगर के सांदीपनि विद्यालय में बालसभा और बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी रचनात्मकता, हुनर और व्यावहारिक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए। बच्चों द्वारा स्वयं तैयार किए गए उत्पादों को देखकर शिक्षकों, अभिभावकों और साथी विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक उनकी सराहना की।

बाल मेले में बच्चों ने अलग-अलग स्टॉल लगाकर अपने स्वरचित उत्पादों और व्यंजनों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। इस दौरान बच्चों में अपने स्टॉल को बेहतर बनाने और ग्राहकों को आकर्षित करने की होड़ दिखाई दी। मेले के माध्यम से विद्यार्थियों को रचनात्मकता के साथ-साथ आत्मविश्वास, आपसी सहयोग और व्यवहारिक कौशल सीखने का अवसर मिला। विद्यालय परिवार द्वारा उत्कृष्ट स्टॉल लगाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप उपहार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। बाल मेले को लेकर बच्चों में खासा उत्साह रहा और पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य महेश रावत सहित शिक्षक दिनेश विश्वकर्मा, रमेश पाल, गौरीशंकर यादव, खेल शिक्षक राम सिंह राजपूत, रामकुमार नायक, गफ्फार खान, अनिल मिश्रा, राजीव नामदेव, राजीव जैन सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहे।

अमृत 2.0 के निर्माण कार्यों का संभागायुक्त ने किया निरीक्षण

समय-सीमा और गुणवत्ता से समझौता नहीं करने के निर्देश, अधिकारियों से ली विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जनविश्वास अभियान के अंतर्गत जिले के भ्रमण पर पहुंचे सागर संभागायुक्त दिलीप कुमार ने नगर पालिका क्षेत्र में अमृत 2.0 योजना के तहत संचालित विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण स्थलों पर पहुंचकर कार्यों की प्रगति और निर्माण संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संभागायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्यों को केवल औपचारिकता पूरी करने के उद्देश्य से नहीं, बल्कि निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप धरातल पर पूरा कराया जाए। निर्माण कार्यों में लापरवाही और अनावश्यक देरी की स्थिति नहीं बननी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति और निर्धारित समय-सीमा के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही कार्यों के क्रियान्वयन में अपनाई जा रही व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से संचालित योजनाओं का लाभ नागरिकों तक पहुंचना चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि निर्माण कार्य समय पर और तय मानकों के अनुसार पूरे हों।

संभागायुक्त दिलीप कुमार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अमृत 2.0 योजना के तहत संचालित सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के निर्धारित मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए और किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाए। उन्होंने कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने पर जोर देते हुए कहा कि अधिकारी समय-समय पर निर्माण स्थलों का निरीक्षण करें, ताकि कार्यों की वास्तविक प्रगति का पता चलता रहे और कमियों को समय रहते दूर किया जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में अधिकारियों की सक्रिय भूमिका जरूरी है। केवल कार्य स्वीकृत होना या निर्माण शुरू हो जाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसका गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा होना अधिक महत्वपूर्ण है। इसके लिए संबंधित अधिकारी कार्यों की प्रगति पर लगातार नजर रखें और निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी निर्माण कार्य पूर्ण कराएं। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया एवं इंजीनियर अजय दीक्षित उपस्थित रहे।

प्रतापगढ़-भोपाल एक्सप्रेस में यात्री के लेडीज पर्स, नकदी व दो मोबाइल गायब

ललितपुर। चलती ट्रेन में यात्रियों के सामान की सुरक्षा पर सवाल खड़े करते हुए चोरों ने प्रतापगढ़-भोपाल एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक यात्री का लेडीज पर्स चोरी कर लिया। यात्री की पत्नी का पर्स रात में बर्थ पर सिरहाने रखा हुआ था। सुबह ट्रेन के ललितपुर स्टेशन पहुंचने पर पर्स गायब मिला। उसमें नकदी, दो मोबाइल फोन, आधार कार्ड सहित जरूरी सामान रखा हुआ था। शिकायत पर जीआरपी थाना ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भोपाल जनपद के हनुमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत काजी कैंप, सलीम चौक निवासी मोहम्मद आलम पुत्र मोहम्मद इशाक पत्नी सारिया खातून के साथ लखनऊ से भोपाल जा रहे थे। दोनों प्रतापगढ़-भोपाल एक्सप्रेस के स्लीपर कोच संख्या एस-5 में बर्थ संख्या 24 और 32 पर यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान रात में मोहम्मद आलम ने अपनी पत्नी का काले रंग का लेडीज पर्स सिरहाने रख दिया और सो गए। बताया गया कि सुबह करीब 5.30 बजे ट्रेन जब ललितपुर रेलवे स्टेशन पहुंची तो उनकी नींद खुली। इस दौरान सिरहाने रखा पर्स गायब देखकर उनके होश उड़ गए।

स्मार्ट मीटर पर रोक निकली अफवाह, 95.44 प्रतिशत मीटर परिवर्तन पूरा

दो दिन में बदले 100 स्मार्ट मीटर, 12 जगह पकड़ी बिजली चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

शहर में स्मार्ट मीटर लगाने का अभियान अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। विद्युत वितरण कंपनी ने शेष मीटरों को बदलने के लिए अभियान तेज कर दिया है। पिछले दो दिनों में विशेष टीमों ने करीब 100 पुराने मीटर बदलने के साथ ही 12 स्थानों पर बिजली चोरी के मामले भी पकड़े हैं। जांच के दौरान कहीं पुराने मीटरों में छेड़छाड़ कर उन्हें धीमा करने तो कहीं मीटर से पहले इनकमिंग केबल में बायपास कर बिजली का अवैध उपयोग करने के मामले सामने आए हैं। इन खुलासों ने शहर में बिजली चोरी की स्थिति को लेकर विभागीय चिंता बढ़ा दी है। विद्युत विभाग के शहर अभियंता नितिन बाथम के अनुसार, शहर में कुल 28,500 विद्युत उपभोक्ता हैं, जिनमें से अब तक 27,200 उपभोक्ताओं के मीटर बदले जा चुके हैं। इस तरह करीब 95.44 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और अब केवल 1300 मीटर बदलना शेष है। शेष कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के लिए तीन अधिकारियों के नेतृत्व में तीन विशेष टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें



2029 तक स्मार्ट मीटर पर रोक की खबर भ्रामक

स्मार्ट मीटर को लेकर सोशल मीडिया पर वर्ष 2029 तक मीटर लगाने पर रोक लगाए जाने संबंधी खबरें प्रसारित हो रही हैं। विद्युत विभाग ने इन्हें भ्रामक बताते हुए स्पष्ट किया है कि केंद्र सरकार ने स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक नहीं लगाई है, बल्कि इस कार्य को जारी रखने और गति बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। शहर अभियंता नितिन बाथम ने बताया कि भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय ने 12 अगस्त 2026 को पत्र जारी कर सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को स्मार्ट मीटर स्थापना का कार्य जारी रखने और इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। विद्युत मंत्रालय के अवर सचिव अंकित वाष्णेय द्वारा जारी इस पत्र में केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के मीटर स्थापना एवं संचालन संशोधन विनियम, 2026 का उल्लेख किया गया है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि जहां संचार नेटवर्क उपलब्ध है, वहां निर्धारित समय-सीमा के अनुसार भारतीय मानकों के अनुरूप स्मार्ट मीटर स्थापित किए जाने हैं। इसके साथ ही स्मार्ट मीटर की स्थापना को प्रीपेड अथवा पोस्टपेड भुगतान व्यवस्था से स्वतंत्र अनिवार्य वैधानिक प्रावधान बताया गया है। यानी मीटर प्रीपेड हो या पोस्टपेड, उसकी स्थापना की अनिवार्यता बनी रहेगी। केंद्र सरकार ने स्मार्ट मीटर से पारदर्शी बिलिंग, सटीक बिजली खपत की जानकारी और वितरण कंपनियों के ऊर्जा लेखांकन में सुधार जैसे लाभों का भी उल्लेख किया है। विभागीय अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर 2029 तक स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक संबंधी प्रसारित खबरों को गलत बताया है। इस संबंध में विभाग के जनसंपर्क अधिकारी द्वारा भी आधिकारिक खंडन जारी किया जा चुका है।



31 दिसंबर तक पूर्ण होगा काम, जवाबदेही तय

विद्युत वितरण कंपनी ने शहर में शेष स्मार्ट मीटर परिवर्तन का कार्य 31 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा नहीं होने की स्थिति में संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी कारण तीन विशेष टीमें लगातार फील्ड में सक्रिय हैं और प्रतिदिन कार्य की प्रगति पर निगरानी रखी जा रही है। विभाग का कहना है कि मीटर परिवर्तन में आ रही बाधाओं को दूर करने के साथ उपभोक्ताओं को सरकारी निर्देशों की जानकारी देकर समझाइश दी जा रही है। वहीं मीटर में छेड़छाड़, बिजली चोरी अथवा मीटर तक पहुंच रोकने के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विद्युत विभाग ने शेष उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे स्मार्ट मीटर परिवर्तन में सहयोग करें और अधिकृत कर्मचारियों को मीटर तक पहुंच उपलब्ध कराएं। विभाग का दावा है कि अभियान पूरा होने के बाद बिजली खपत की निगरानी और बिलिंग व्यवस्था पहले से अधिक पारदर्शी होगी।

मीटर बदलने पर विरोध, जांच में खुली बिजली चोरी की पोल

स्मार्ट मीटर अभियान के दौरान कुछ स्थानों पर ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां उपभोक्ताओं ने पुराने मीटरों में छेड़छाड़ कर उनकी गति धीमी कर दी थी। वहीं कुछ जगह मीटर से पहले ही इनकमिंग केबल में बायपास करके सीधे बिजली का उपयोग किया जा रहा था। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक, पूर्व में ऐसे कुछ स्थानों पर मीटर बदलने पहुंचे लाइनमैन को विरोध का सामना करना पड़ा था और उन्हें बिना मीटर बदले वापस लौटना पड़ा था। वरिष्ठ अधिकारियों तक शिकायत पहुंचने के बाद विशेष टीमों ने संबंधित स्थानों पर पहुंचकर जांच की। विद्युत चोरी पाए जाने पर मौके पर पंचनामा तैयार किया गया और नियमानुसार कार्रवाई करते हुए मीटर परिवर्तन भी कराया गया। महज दो दिन में करीब 100 मीटर बदलने के दौरान 12 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़े जाने से विभाग अब शेष उपभोक्ताओं के यहां विशेष निगरानी रख रहा है।

घर के अंदर मीटर छिपाने वालों को सात दिन का नोटिस

अभियान में एक बड़ी बाधा उन उपभोक्ताओं के कारण सामने आ रही है, जिन्होंने अपने बिजली मीटर मकान अथवा परिसर के अंदर लगा रखे हैं। ऐसे स्थानों पर मीटर बदलने पहुंचने वाली विभागीय टीमों को गेट तक नहीं खोले जा रहे हैं। इससे न केवल मीटर परिवर्तन का काम प्रभावित हो रहा है, बल्कि पुराने मीटर की वास्तविक रीडिंग लेने और बिजली खपत का सत्यापन करने में भी परेशानी आ रही है। कार्यपालन अभियंता के निर्देश पर ऐसे उपभोक्ताओं को चिह्नित कर सात दिन का नोटिस जारी किया जा रहा है। इसके बाद भी यदि उपभोक्ता अधिकृत कर्मचारियों को मीटर तक पहुंच उपलब्ध नहीं कराते और मीटर परिवर्तन में सहयोग नहीं करते हैं तो निर्धारित प्रक्रिया के तहत संबंधित पोल से उनका बिजली कनेक्शन विच्छेदित करने की कार्रवाई की जा सकती है।

एनएच 552 पर हादसा, कार के भी उड़े परखच्चे

मैनेजर बनने की खुशी मनाने जा रहे दोस्तों की कार खड़े ट्रक में घुसी, 2 की मौत, 3 घायल





दो गंभीर घायल कोटा, एक सवाईमाधोपुर रेफर

इस हादसे के दौरान गंभीर रूप से घायल हुए सुमित कुशवाह और सुरेन्द्र जांगिड को जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार दिए जाने के बाद कोटा के लिए रेफर कर दिया गया है। वहीं सुग्रीव सुमन पुत्र रामचरण सुमन निवासी जाटखेडा को प्राथमिक उपचार के बाद सवाईमाधोपुर भेजा गया है। शनिवार की सुबह पुलिस ने जिला अस्पताल में दोनों शवो को पोस्टमॉर्टम कराए जाने के बाद परिजनो को सौप दिए है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नेशनल हाईवे 552 पर मानपुर थाने की सामरसा चौकी क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा तब घटित हो गया, जब बैंक अधिकारी बनने की खुशी में पार्टी करने के लिए जा रहे दोस्तो की तेज रफ्तार में दौड रही कार हाइवे किनारे खडे धान से भरे ट्रक से भिड गई। हादसा इतना भयानक था कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कार में सवार दो लोगो की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए। तीनों घायलों को तत्काल आसपास के लोगो की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल में पहुंचा गया,जहां तीनो घायलों को हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद रैफर कर दिया गया है। इस दर्दनाक हादसे की खबर मिलते ही शहर में शोक की लहर दौड गई, वहीं मृतकों के परिवारों में मातम छा गया। इस मामले में मानपुर थाना पुलिस ने एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की पडताल शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक राहुल शर्मा (35) आईडीबीआई बैंक में कर्मचारी था। लेकिन दूसरी बैंक में उनका बतौर ब्रॉच मैनेजर सलेक्शन हो गया है। इसकी खुशी में राहुल अपने दोस्तो संग ढाबे पर खाना खिलाने के लिए एमजी हेक्टर कार में सवार होकर जा रहे थे। तभी दांतरदा-सामरसा के बीच हाइवे किनारे खडे एक धान से भरे ट्रक से उनकी कार भिड गई। हादसे के दौरान कार में सवार हादसे में राहुल शर्मा (35) और यश गर्ग (30) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार अन्य तीन दोस्त सुमित कुशवाहा, सुरेंद्र जांगिड और सुग्रीव सुमन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को कार से बाहर निकालकर इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इस मामले में मानपुर टीआई सतीश दुबे ने बताया कि पुलिस ने हादसे के बाद रात में ही ट्रक जब्त कर लिया है और एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर विवेचना की कार्रवाई शुरू कर दी है।

दो छोटी बेटियों के पिता थे राहुल

इस दर्दनाक हादसे में अपनी जान गंवाने वाले राहुल शर्मा पुत्र बाबूलाल शर्मा आईडीबीआई बैंक में कर्मचारी थे तथा दो छोटी बेटियों के पिता भी थे। वहीं यश गर्ग पुत्र घनश्याम गर्ग की श्योपुर के गणेश बाजार में बर्तन की दुकान है। वे दो भाइयों में सबसे बड़े थे। जबकि कार में सवार सुमित कुशवाहा आईडीबीआई बैंक में असिस्टेंट मैनेजर हैं, जबकि सुग्रीव सुमन और सुरेंद्र आईडीबीआई बैंक में कर्मचारी हैं।

भाजपा नेता ने आरटीओ प्वाइंट पर उठाए सवाल

इस हादसे के लिए क्षेत्र के लोग दांतरदा बाइपास के पास आरटीओ की गाडी को भी कारण मान रहे है। क्षेत्र के लोगो ने बताया कि हर रोज रात होते ही आरटीओ लिखी एक गाडी वसूली करने के लिए दांतरदा बाइपास के पास हाइवे किनारे खडी हो जाती है। इस गाडी को देखकर भी कई वाहन चालक वसूली देने के चक्कर में हडबडा जाते है। इसी हडबडाहट में कई वाहन दुर्घटना का शिकार हो जाते है। भाजपा नेता रामलखन नापाखेडली का कहना है कि उन्हें भी कई लोगों ने बताया है कि आरटीओ की गाड़ी हमेशा इसी पॉइंट पर खड़ी रहती है। जिसका काम सिर्फ अवैध वसूली करना होता है इस वजह से उक्त युवकों की जान दुर्घटना में गई है। उन्होंने कहा कि अगर किसी को आरटीओ की गाडी इस तरह लगी मिले तो मुझे सूचना करें मैं तत्काल पहुंचकर कार्रवाई करवाऊंगा।

संतोष ट्रॉफी चयन का भी आधार बनेगी स्पर्धा

फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए श्योपुर जिले की टीम घोषित



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मध्य प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में 14 नवंबर से 22 नवंबर तक सागर में आयोजित होने वाली उत्तर क्षेत्रीय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए श्योपुर जिले की टीम का चयन कर लिया गया है। चयन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद जिला फुटबॉल संघ द्वारा चयनित खिलाड़ियों की आधिकारिक सूची जारी कर दी गई है।

जिला फुटबॉल संघ के सचिव विवेक सिंह परिहार ने बताया कि सभी खिलाड़ियों का चयन उनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन एवं खेल प्रतिभा के आधार पर किया गया है। यह सभी खिलाड़ी सागर में आयोजित प्रतियोगिता में श्योपुर की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। टीम के सागर रवाना होने से पूर्व जिला फुटबॉल संघ के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों —जिला फुटबॉल संघ अध्यक्ष आशीष चौहान, संरक्षक ताराचंद सेन , योगेंद्र भदौरिया , विजितेंद्र भदौरिया , सचिव विवेक सिंह परिहार, उपाध्यक्ष मनीष अरोरा,प्रशांत सिंह भदौरिया, हेमंत बंसल, अंजार ख़ान, दिनेश शिवहरे, , नावेद ख़ान, भूपेंद्र सिंह परिहार, मुजीब ख़ान एवं अन्य फुटबॉल खिलाड़ियों ने सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

चयनित खिलाड़ियों की सूची

घोषित टीम में सोनू शर्मा, सलमान ख़ान, अमन असद, अभिषेक वैष्णव, कुणाल गौड़, माहिर कुरैशी, यशवर्धन सिंह राठौड़, राज सिंह जादौन, अंकित सिंह राठौड़, जैनुलआबदीन, ज़ैद ख़ान, अनिरुद्ध जाट, आकाशदीप, मारूफ खान, यूसुफ , सुमित सिकरवार और विवेक राय शामिल हैं।

संतोष ट्रॉफी के लिए चयन का सुनहरा अवसर

सचिव विवेक सिंह परिहार ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर ही मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ द्वारा आगामी प्रतिष्ठित संतोष ट्रॉफी के लिए मध्य प्रदेश की राज्य टीम का चयन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि श्योपुर के अनुभवी खिलाड़ी सोनू शर्मा पूर्व में भी संतोष ट्रॉफी में जिले का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं, जबकि जिले के अब तक छह खिलाड़ी संतोष ट्रॉफी कैंप का हिस्सा रह चुके हैं।

अवैध रेत स्टॉक पर संयुक्त कार्रवाई सैकड़ों ट्रॉली रेत का विनष्टीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में राजस्व, वन एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए ग्राम रूडीं में स्टॉक कर रखी गई लगभग 500 से 800 ट्रॉली रेत का विनिस्टीकरण करने की कार्रवाई की गई है। एसडीएम गगन सिंह मीना के नेतृत्व में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, वन विभाग के अमले एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम रुंडी में मौके पर पहुंचकर रेत के अवैध भंडारण का निरीक्षण किया गया तथा नियमानुसार विनिष्टीकरण की कार्रवाई संपन्न की गई।

कार्रवाई के दौरान मौके पर लगभग 500 से 800 ट्रॉली रेत का विशाल भंडारण होना पाया गया। रेत का अवैध भंडारण पाए जाने पर प्रशासन द्वारा गंभीरता से कार्रवाई करते हुए संयुक्त अमले की मौजूदगी में उक्त रेत के स्टॉक का नष्टीकरण कराया गया। इस कार्रवाई के माध्यम से एसडीएम गगन सिंह मीना ने स्पष्ट संदेश दिया कि क्षेत्र में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शासन के नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए राजस्व, वन विभाग एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

न्यायोत्सव:विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं बी.एल. प्रजापति प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की उपस्थिति में बाल दिवस के अवसर पर न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह-2026 का भव्य शुभारंभ किया गया। इस विशेष अभियान के प्रथम दिवस मॉडर्न स्कूल श्योपुर में विधिक जागरूकता शिविर एवं विधिक जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

उक्त जागरूकता शिविर के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को सर्वप्रथम बाल दिवस की शुभकामनाएं दी गई। इसके पश्चात उन्हें उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया बच्चों किशोर न्याय अधिनियम, मोटर व्हीकल एक्ट, लैंगिक अपराधों से बालकों का सरक्षण अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की सरल शब्दों में जानकारी दी गई। साथ ही सुरक्षित स्पर्श और असुरक्षित स्पर्श की पहचान करने तथा किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार या शोषण के विरूद्ध निडर होकर आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया।

इसके साथ ही इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित व जिम्मेदार उपयोग के बारे में भी विस्तार से समझाया गया। बच्चों को बताया गया कि किसी भी संकट या आवश्यकता की स्थिति में वे चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर 1098 तथा नालसा के टोल-फ्री विधिक सहायता हेल्पलाईन नंबर 15100 पर संपर्क कर निःशुल्क परामर्श और कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु विधिक जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों पर भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी मंचासीन अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। जागरूकता शिविर के दौरान बी.एल प्रजापति प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अजय रामावत, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अकिता शांडिल्य जिला विधिक सहायता अधिकारी, शिक्षक-शिक्षकाएं एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

पोर्टल हुआ फेल, नहीं लगी शिक्षक एप पर उपस्थिति, वेतन कटने का डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मध्य प्रदेश में शिक्षकों के लिए अनिवार्य की गई ई-अटेंडेंस व्यवस्था एक बार फिर तकनीकी परेशानी के चलते सवालों के घेरे में आ गई है। शनिवार को शिक्षक ई-अटेंडेंस दर्ज करने के लिए शिक्षक एप का इस्तेमाल नहीं कर पाए। तकनीकी खराबी के कारण एप क्रैश होने से कई शिक्षक सुबह लॉगइन तो कर सके, लेकिन शाम को लॉगआउट नहीं कर पाए। इससे शिक्षक असमंजस में हैं कि उनकी उपस्थिति दर्ज मानी जाएगी या नहीं।

जानकारी के मुताबिक, सुबह शिक्षकों ने निर्धारित प्रक्रिया के तहत एप पर लॉगइन कर अपनी उपस्थिति दर्ज करने की कोशिश की थी। शुरुआत में लॉगइन की प्रक्रिया पूरी हो गई, लेकिन दिन के अंत में लॉगआउट करने के दौरान तकनीकी समस्या सामने आने लगी। एप के ठीक से काम नहीं करने के कारण शिक्षक अपनी उपस्थिति की प्रक्रिया पूरी नहीं कर सके। कई शिक्षक इस समस्या को लेकर परेशान रहे। इस परेशानी ने इसलिए भी चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं करने वाले शिक्षकों के वेतन में कटौती के निर्देश जारी किए हैं। ऐसे में तकनीकी खराबी के कारण उपस्थिति दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाने वाले शिक्षकों के सामने वेतन कटौती का खतरा मंडराने लगा है।

इनका कहना

हमारा शिक्षक एप कभी भी कारगर नहीं रहा है। एक और तो डीपीआई वेतन काटने के हिटलर चाहिए निर्देश दे रहा है दूसरी और पोर्टल काम नहीं कर रहा है हमने वरिष्ठ अधिकारियों को लोग आउट नहीं होने की संबंध में जानकारी से अवगत करा दिया है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि किसी शिक्षक का वेतन नहीं काटा जाएगा।

रामचरित रावत
जिलाध्यक्ष राज्य अध्यापक शिक्षक संघ

घटाव की उलझनों को दूर करने के गुर सीखेंगे शिक्षक, बच्चों की गणितीय दक्षता बढ़ाने पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों में गणित की बुनियादी समझ विकसित करने और घटाव की प्रक्रिया को सरल एवं रोचक बनाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) श्योपुर में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण शैक्षिक संवाद आयोजित किया गया। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार आयोजित इस संवाद में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को घटाव सिखाने में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई।

डाइट प्राचार्य राघवेंद्र सिंह सिकरवार ने बताया कि नवंबर माह का शैक्षिक संवाद 'घटाव में चुनौतियां एवं समाधान' विषय पर आधारित रहा। इसमें प्राथमिक शालाओं में घटाव करते समय बच्चों को आने वाली सामान्य कठिनाइयों की पहचान करने, उनके कारणों को समझने और उन कठिनाइयों को दूर करने के लिए प्रभावी शिक्षण रणनीतियां अपनाने पर जोर दिया गया। विशेष रूप से उधार वाले घटाव में दहाई और इकाई के संबंध को स्पष्ट करने के लिए शिक्षक संदर्शिका में दिए गए विभिन्न तरीकों की जानकारी दी गई इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण प्रभारी सुरेश सिंह सिकरवार, व्यवस्थापक राजेश त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे।

गतिविधियों के माध्यम से आसान बनाएंगे गणित

शैक्षिक संवाद में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि बच्चों को गणित की अवधारणाएं केवल लिखित अभ्यास के माध्यम से न सिखाई जाएं, बल्कि उन्हें गतिविधियों और प्रयोगों के जरिए समझने के अवसर भी दिए जाएं। इसके लिए जादूई पिटारा, लर्निंग किट और विद्यालयों में उपलब्ध विभिन्न शिक्षण सामग्रियों का उपयोग करने के तरीके बताए गए। प्रशिक्षण में शिक्षकों को ऐसे नवाचारी तरीकों से अवगत कराया गया, जिनसे बच्चे घटाव की प्रक्रिया को आसानी से समझ सकें और स्वयं गणितीय सवाल हल करने में सक्षम बन सकें। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर सौरभ शर्मा, संतोष शर्मा एवं देवेंद्र राय ने प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने घटाव की अवधारणा को बच्चों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए विभिन्न शिक्षण विधियों और गतिविधियों की जानकारी दी। शैक्षिक संवाद में जिले के जनशिक्षक, नोडल एवं सहजकर्ता उपस्थित रहे।

भारी पड़ सकता है थोड़े से लाभ के लिए प्रकृति से खिलवाड़

पारम नदी को पाटा जा रहा मिट्टी डालकर जिम्मेदारों की चुप्पी से उठे कई सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

अभी तक आपने सरकारी जमीन पर कब्जाकर खेती-बाड़ी करने अथवा शमशान घाट एवं कब्रिस्तान या फिर किसी संस्थान स्कूल आंगनवाडी की जमीन पर कब्जा कर खेती करने जैसे समाचार तो पड़े होंगे लेकिन क्या कोई व्यक्ति नदी पर भी कब्जा कर खेती कर सकता है ऐसा अनुमान भी नहीं लगाया जा सकता है लेकिन बीरपुर तहसील में कुछ ऐसा ही हो रहा है,जहां क्षेत्र की लाईफ लाईन माने जाने वाली पारम नदी पर ही अतिक्रमणकारी खेती करने के लिए कब्जा कर रहे हैं।

आश्चर्य की बात तो यह है कि नदी में पानी की सतह पर कोई सिंगाड़ा की खेती नहीं हो रही है बल्कि अनाज उत्पादन करने के लिए नदी को मिट्टी से भरकर जमींन बनाने का काम किया जा रहा है। नदी को खत्म करने के लिए डंपरों से लाकर मिट्टी डाली जा रही है जिससे नदी को खत्म कर उसे जमीन बनाया जा रहा है। प्रकृति के साथ इस तरीके से हो रहे छेड़छाड़ के गंभीर परिणाम आ सकते हैं पर जिम्मेदारों की इस मामले में चुप्पी भी कई सवालो को जन्म दे रही है। सोशल मीडिया पर इसको लेकर एक वीडियो भी वायरल हो रहा है जो खूब चर्चा का विषय बना हुआ है।

हांसिलपुर से सत्यनगर के नीचे खदान के पास पारम नदी को मिट्टी डालकर भरे जाने का एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है। वीडियो में दिखाई पड़ रहा है कि नदी के बहाव वाले हिस्से में मिट्टी डाली जा रही है। जिससे नदी का पानी दूर होता जा रहा है और नदी को उपजाऊ जमीन में परिवर्तित किया जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद प्रशासन (राजस्व अमला और खनिज विभाग) की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिन्ह उठने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों में पराली जलाने का धुंआ तो पटवारी को दिखाई पड़ जाता है लेकिन यहां नदी का अस्तित्व खत्म कर उसे जमीन के रूप में परिवर्तित करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है वह क्यों नहीं दिखाई पड़ रहा है। जो खनिज विभाग मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्हार पर भी एक गधा मिट्टी लाने पर जुर्माना लगा देता है उसे यह षडयंत्र दिखाई क्यों नहीं दे रहा आखिर अतिक्रमणकारी नदी का अस्तित्व खत्म करने मिट्टी कहां से ला रहे हैं और उसे नदी में डालकर प्रकृति के बनाए हुए नियम बदलने का गुनाह किसके इशारे पर कर रहे हैं।



सवालों के घेरे में खदान संचालक

स्थानीय लोगों का आरोप है कि खदान के नीचे नदी को भरने का काम खदान से जुड़े लोगों द्वारा किया जा रहा है। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि यह काम किसकी अनुमति से हो रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि तहसीलदार, एसडीएम और खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर जांच करे। नदी में डाली गई मिट्टी को हटवाया जाए और नदी के मूल स्वरूप को बहाल किया जाए। अब सभी की नजर प्रशासन पर है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि वीडियो के सामने आने के बाद प्रशासन तुरंत संज्ञान लेगा और पारम नदी को बचाने के लिए कार्रवाई करेगा। अगर समय पर नदी को नहीं बचाया गया तो आने वाले समय में पूरे क्षेत्र को पानी के गंभीर संकट से जूझना पड़ेगा।

गर्मियों में मवेशियों को पानी के लिए होगी भारी परेशानी

ग्रामीणों का कहना है कि पारम नदी सिर्फ एक नदी नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की जीवनरेखा है। गर्मियों में जब कुएं और हैंडपंप सूख जाते हैं, तब यही नदी गाय-भैंस और अन्य मवेशियों के पानी पीने का सहारा बनती है। इसके अलावा खेती-किसानी और घरेलू कामों के लिए भी लोग इसी नदी पर निर्भर रहते हैं। अगर नदी को इसी तरह मिट्टी डालकर उसका अस्तित्व खत्म कर दिया गया, तो आने वाली गर्मियों में मवेशियों के लिए कई गांवों में पानी का संकट खड़ा हो जाएगा। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि नदी भरने का काम तुरंत रुकवाया जाए। साथ ही जिन्होंने नदी में मिट्टी डालकर उसे भरने का काम किया है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि नदी प्राकृतिक धरोहर है इसका संरक्षण करने की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की है, इसे खत्म करना गंभीर कानूनन अपराध है। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो नदी का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा।

अवैध कटाई रोकने पहुंचे वन अमले पर फायरिंग कर भागे लकड़ी तस्कर

सामान्य वन मंडल की टीम ने 2 मशीन और एक बैटरी की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



सामान्य वन मंडल की वन भूमि पर खडे खैर के वृक्षो की अवैध कटाई को रोकने के लिए पहुंची वन विभाग की टीम पर लकडी तस्कर देशी कट्टो से फायरिंग करके भाग गए। हालांकि इस दौरान कोई वनकर्मी हताहत नहीं हुआ है,लेकिन टीम के द्वारा 5 चेनशा मशीन और 1 बेटरी जब्त की गई।

डीएफओ केएस रंधा ने बताया कि वन परिक्षेत्र विजयपुर पूर्व अंतर्गत नितनवास बीट में खैर वृक्षों की अवैध कटाई की सूचना मिली। इस सूचना पर तत्काल वन अमले को मौके पर कार्रवाई के लिए भेजा गया। जब अमला मौके पर पहुंचा तो उन्हे जंगल में करीब 05 व्यक्ति 02 चेनशॉ मशीन एवं 01 बैटरी की सहायता से खैर वृक्षों की अवैध कटाई करते पाए गए। इनमें सुगर सिंह पुत्र सोबरन गुर्जर एवं मातादीन पुत्र सोबरन गुर्जर निवासी ग्राम मरा थाना पहाडगढ तहसील जौरा जिला मुरैना की पहचान की गई है। जब वन अमले ने आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी देशी कट्टों से वन अमले पर फायरिंग करके भाग गए। मौके से 02 चेनशॉ मशीन एवं 01 बैटरी जब्त की गई तथा वन अपराध प्रकरण दर्ज करते हुए संबंधित आरोपियों के विरुद्ध थाना पहाड़गढ़ में एफआईआर दर्ज कराए जाने के लिए भी आवेदन दिया गया। इधर वनसुरक्षा पखवाड़ा अभियान के तहत वनपरिक्षेत्र बुढेरा की पिपरानी बीट में अतिक्रमण के उददेश्य से लगभग 02 हैक्टेयर वनक्षेत्र में लकडी के पोल गाडकर लगाई गई बागड को वनपरिक्षेत्र बुढेरा के वनचौकी प्रभारी पिपरानी सत्यप्रकाश गौड़ ने अपनी टीम के साथ हटाते हुए तार जब्त कर लिया।

विधायक प्रीतम लोधी का बयान, परिसीमन के बाद पूरी होगी उम्मीद

शिवपुरी बनेगा संभाग, पिछोर को मिलेगा जिले का दर्जा : लोधी

शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री बने रहते तो जल्दी बन जाता जिला, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पुरानी घोषणा की जानकारी दी तो वे भी सहमत हो गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

शिवपुरी को संभाग बनाने और पिछोर को जिला घोषित करने की मांग एक बार फिर चर्चा में आ गई है। पिछोर विधायक प्रीतम लोधी ने इस संबंध में बड़ा बयान देते हुए उम्मीद जताई है कि परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पिछोर को जिला बनाने का रास्ता साफ हो सकता है। उनके बयान से क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग को लेकर एक बार फिर राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल तेज होने के संकेत मिले हैं। विधायक प्रीतम लोधी ने पिछोर को जिला बनाने में हो रही देरी पर अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पिछोर को जिला बनाने की घोषणा की थी। यदि वे मुख्यमंत्री बने रहते तो संभवतः पिछोर को काफी पहले ही जिले का दर्जा मिल जाता। उन्होंने कहा कि वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पूर्व में हुई घोषणा की जानकारी नहीं थी। जब उन्होंने मुख्यमंत्री को इस घोषणा और पिछोर की मांग से अवगत कराया तो मुख्यमंत्री ने भी उनकी बात स्वीकार करते हुए सकारात्मक रुख दिखाया। विधायक के इस बयान से यह संकेत मिला है कि पिछोर को जिला बनाने का मुद्दा सरकार के संज्ञान में है और आने वाले समय में इस दिशा में आगे की कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।

शिवपुरी को संभाग बनाने की भी उठी बात

विधायक प्रीतम लोधी के बयान में शिवपुरी को संभाग बनाने की उम्मीद भी प्रमुखता से सामने आई है। यदि शिवपुरी को संभाग का दर्जा मिलता है तो यह पूरे अंचल के लिए प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। इससे क्षेत्रीय विकास, प्रशासनिक व्यवस्था और सरकारी कामकाज को नई दिशा मिलने की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल विधायक के बयान ने पिछोर को जिला और शिवपुरी को संभाग बनाने की उम्मीदों को फिर से हवा दे दी है। अब देखना होगा कि परिसीमन के बाद सरकार इन मांगों पर कब और क्या निर्णय लेती है।



जिला बनने की उम्मीद

पिछोर को जिला बनाने की मांग लंबे समय से उठती रही है। क्षेत्रफल, जनसंख्या, भौगोलिक दूरी और प्रशासनिक सुविधाओं के लिहाज से पिछोर को जिला बनाए जाने की मांग को स्थानीय स्तर पर लगातार समर्थन मिलता रहा है। अब विधायक के बयान के बाद लोगों की निगाहें परिसीमन की प्रक्रिया और सरकार के अगले कदम पर टिक गई हैं।

कोलारस को मिली 3.97 करोड़ की कार्यों की सौगात

पंचायत से विधानसभा स्तर तक होगा क्रिकेट टूर्नामेंट

कोलारस में खेल प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंचः सिंधिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कोलारस में 3.97 करोड़ की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें 2.97 करोड़ की लागत से कोलारस में आधुनिक स्पोर्ट्स स्टेडियम का निर्माण तथा 1 करोड़ की लागत से स्टेडियम से एसडीएम कार्यालय तक सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और जीवन में संघर्ष करके आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं। कोलारस के बच्चों और युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह स्टेडियम विकसित किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

कोलारस में 2.97 करोड़ से बनेगा आधुनिक स्पोर्ट्स स्टेडियम

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि कोलारस में बनने वाला नया स्पोर्ट्स स्टेडियम क्षेत्र के बच्चों और युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात है। उन्होंने कहा कि इस स्टेडियम के माध्यम से स्थानीय खिलाड़ियों को अभ्यास, प्रशिक्षण और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच मिलेगा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने बच्चों के साथ बैडमिंटन भी खेला। उन्होंने प्रशासन को निर्देशित किया कि स्टेडियम निर्माण का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्र के खिलाड़ी शीघ्र ही इस सुविधा का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उचित सुविधाओं, प्रशिक्षण और अवसरों की है। कोलारस स्टेडियम से एसडीएम कार्यालय तक 1 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि यह सड़क आधुनिक और बेहतर गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप बनाई जाएगी, जिससे स्टेडियम तक पहुंचना आसान होगा और स्थानीय नागरिकों को भी आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि कोलारस विधानसभा में खेल सुविधाओं के विस्तार की एक व्यापक श्रृंखला शुरू की गई है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय बच्चों और बच्चियों द्वारा इंडोर स्टेडियम में मैट पर जूडो और वुशु का प्रदर्शन किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इतनी कम उम्र में बच्चों का यह कौशल और आत्मविश्वास देखकर वे स्वयं प्रभावित हुए हैं।

गोमती नंदन पब्लिक स्कूल में किया गया नाट्य मंचन

बीना। गोमती नंदन पब्लिक स्कूल में बाल दिवस को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आज यादगार बनाने का सकारात्मक प्रयास किया गया। इस अवसर पर हुई प्रार्थना सभा में टीचर्स ने बच्चों के रूप में प्रार्थना गायन, थॉट ऑफ द डे, न्यूज और गीत गाए।

बाल दिवस पर टीचर्स ने बच्चों के रूप में की प्रार्थना

इस मौके पर सोनाक्षी ने बाल दिवस का महत्व बताया। बाल दिवस पर विद्यालय निदेशक विकास अग्रवाल एवं प्रिंसिपल शिखा अग्रवाल ने फीता काट कर बाल मेले की विधिवत शुरुआत की । इसके बाद चाचा नेहरू को पुष्पांजलि अर्पित की गए। प्रोग्राम का मुख्य आकर्षण भोपाल से आए कठपुतली कलाकारों द्वारा किया गया नाट्य मंचन रहा। जिसमें मनोरंजन के साथ साथ भ्रष्टाचार को खत्म करने का सामाजिक संदेश दिया गया । इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक परिधान से प्रोग्राम में चार चांद लगा दिए। निदेशक विकास अग्रवाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के परिप्रेक्ष्य में अगर भारत और समाज को सुदृढ़ करना है तो संस्कार और शिक्षा का ऐसा समन्वय करना होगा कि भावी पीढ़ी की नींव मजबूत बन सके।

राष्ट्रीय एथलेटिक्स में यूपी के अरमान ने लगाई 7.18 मीटर लंबी छलांग, जीता

400 मीटर रिले व पोल वॉल्ट में भी उत्तर प्रदेश का दबदबा डिस्कस थ्रो में तमिलनाडु ने मारी बाजी, अतिथियों ने मेडल प्रदान किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी



शहर में आयोजित 70वीं राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता अब रोमांचक खिताबी मुकाबलों के दौर में पहुंच गई है। शनिवार को लंबी कूद, 400 मीटर रिले रेस, पोल वॉल्ट और डिस्कस थ्रो के फाइनल मुकाबले आयोजित किए गए। इनमें उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक अपने नाम किए, जबकि डिस्कस थ्रो में तमिलनाडु के खिलाड़ी ने बाजी मारी। लंबी कूद के फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश के अरमान खान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7.18 मीटर की छलांग लगाई और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

मुकाबले देखकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया

झारखंड के कमलेश ओरान ने 6.98 मीटर की छलांग के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि सीआईएससीई के पी. सिद्धार्थ 6.95 मीटर के प्रदर्शन के साथ तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के दौरान शनिवार को जिला शिक्षा अधिकारी आकाश सिंह यादव भी खेल मैदान पहुंचे। उन्होंने आयोजन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और विभिन्न स्पर्धाओं के मुकाबले देखकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी चंद्रशेखर बेमटे, नेशनल कोच यादवेन्द्र चौधरी, अजय बाथम, बसंत शर्मा, अनिल मालावरिया, सदाशिव भार्गव, अशोक चौधरी, शिवनाथ सिंह बैस, संस्कार मिश्रा, दीपक मांझी सहित अन्य खेल पदाधिकारी एवं आयोजन समिति के सदस्य व्यवस्थाओं में जुटे रहे।

400 मीटर रिले और पोल वॉल्ट में भी यूपी का परचम

शनिवार को आयोजित 400 मीटर रिले रेस के फाइनल में उत्तर प्रदेश की टीम ने शानदार तालमेल और रफ्तार का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। शौर्यवीर सिंह, अर्णव सिंह, मयंक बहादुर और मोहम्मद समीर खान की टीम ने 3 मिनट 16.34 सेकंड में दौड़ पूरी कर पहला स्थान हासिल किया। तमिलनाडु की टीम 3 मिनट 16.71 सेकंड के साथ दूसरे और केरल की टीम 3 मिनट 19.01 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रही। वहीं पोल वॉल्ट स्पर्धा में उत्तर प्रदेश के रितिक सिंह ने 4 मीटर की ऊंचाई पार कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पंजाब के प्रेमपाल 3.90 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि उत्तर प्रदेश के ही सागर यादव ने 3.80 मीटर की छलांग के साथ कांस्य पदक हासिल किया।



डिस्कस थ्रो में तमिलनाडु के विकास बने चैंपियन, यूपी को रजत

डिस्कस थ्रो के फाइनल मुकाबले में तमिलनाडु के विकास ने 52.24 मीटर दूर चक्का फेंककर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। उत्तर प्रदेश के मोहम्मद हमजा ने 50.64 मीटर के प्रदर्शन के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि तमिलनाडु के थारानेश 49.95 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। शनिवार को ट्रिपल जंप के प्रारंभिक मुकाबले भी आयोजित किए गए, जिसमें 12 खिलाड़ियों ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। इनमें तमिलनाडु के मुकेश, सीआईएससीई के आरव खेरा और मध्यप्रदेश के देव शर्मा सहित अन्य खिलाड़ी शामिल हैं।

अतिथियों ने विजेताओं को पहनाए पदक, खिलाड़ियों में दिखा जबरदस्त उत्साह

प्रतियोगिता में प्रतिदिन आयोजित होने वाली स्पर्धाओं के विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा मंच पर मेडल प्रदान किए जा रहे हैं। शनिवार को जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजू बाथम, पूर्व विधायक प्रहलाद भारती, भाजपा जिला महामंत्री लवलेश जैन चीनू, केपी परमार, विपुल जैमिनी और जिला शिक्षा अधिकारी आकाश सिंह यादव सहित अन्य अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए पदक पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान खिलाड़ियों के साथ उनके कोच और टीम के सदस्यों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। अतिथियों ने कहा कि शिवपुरी की धरती पर राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन होना जिले के लिए गौरव और सौभाग्य की बात है। इस आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों को भी राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतिभाओं को देखने और उनसे प्रेरणा लेने का अवसर मिल रहा है।

सतनवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसा सामने आया गोवंश, स्कूटी गिरने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी



सतनवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 40 वर्षीय चाट विक्रेता की जान चली गई। हादसा उस समय हुआ, जब इलेक्ट्रिक स्कूटी से जा रहे युवक के सामने अचानक गौवंश आ गया। उसे बचाने के प्रयास में स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई, जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सतनवाड़ा कला निवासी रानू राठौर (40) पुत्र आल्हा राठौर शनिवार सुबह करीब 6:30 बजे इलेक्ट्रिक स्कूटी से जा रहे थे। इसी दौरान सतनवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर अचानक उनकी स्कूटी के सामने गौवंश आ गया। उसे बचाने के प्रयास में स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर फिसल गई। हादसे में रानू राठौर को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद परिजन उन्हें तत्काल उपचार के लिए शिवपुरी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद परिवार में शोक का माहौल है। फिलहाल शव मेडिकल कॉलेज में रखा गया था। पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस हादसे ने एक बार फिर राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवारा गौवंश की मौजूदगी से होने वाले सड़क हादसों और उनसे पैदा हो रहे खतरे को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बाल मेले में चित्रकला व भाषण प्रतियोगिताएं हुईं

बीना। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) बीना रिफाइनरी द्वारा संचालित समत्व कार्यक्रम के अंतर्गत 14 नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर ग्राम कठाई में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने चित्रकला, भाषण एवं बाल मेले के माध्यम से अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीपेश लोधी, द्वितीय स्थान मोहिनी लोधी एवं तृतीय स्थान आकाश लोधी ने प्राप्त किया। सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, संस्था के स्वयंसेवक एवं लगभग 50 विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना, उनमें रचनात्मकता विकसित करना तथा बाल दिवस को उत्साहपूर्वक मनाना रहा। कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

पीएम श्री विद्यालय लोगर में मनाया गया बाल दिवस

खेल प्रतियोगिताओं, बाल मेले और शिक्षकों की रोचक गतिविधियों ने बच्चों में भरा उत्साह

बीना। पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोगर विकासखंड मालथौन में शनिवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पूरे विद्यालय परिसर में उमंग, उल्लास और आनंद का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य हरिराम अहिरवार ने चाचा नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक हरगोविंद सौर ने विद्यार्थियों को पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन परिचय, उनके विचारों तथा बच्चों के प्रति उनके विशेष स्नेह और प्रेम से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को चाचा नेहरू के आदर्शों से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। इसके पश्चात शिक्षक डालचंद पाटकर ने हरी झंडी दिखाकर खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों के लिए जलेबी दौड़, नींबू दौड़ एवं बाधा दौड़ जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा, फुर्ती एवं खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

शिक्षक शशि नंदन रावत ने बताया बाल दिवस का महत्व

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण शिक्षकों की नींबू दौड़ प्रतियोगिता रही। इसमें शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ पूरे उत्साह और उमंग से भाग लिया। रोचक मुकाबले में रक्षा यादव विजेता रहीं। शिक्षकों की सहभागिता ने बच्चों का उत्साह और भी बढ़ा दिया। बाल दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक बाल मेले का आयोजन भी किया गया। इसमें बच्चों ने अलग-अलग प्रकार की दुकानें लगाईं और अपने व्यावसायिक कौशल, रचनात्मकता एवं प्रबंधन क्षमता का परिचय दिया। बाल मेले के माध्यम से विद्यार्थियों ने खरीदारी-बिक्री, आर्थिक लेन-देन, गणना, संवाद और व्यवहारिक ज्ञान का अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम में एक अनूठी एवं मनोरंजक गतिविधि भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने पर्चियों के माध्यम से शिक्षकों को अलग-अलग गतिविधियां करने के लिए कहा। सभी शिक्षकों ने बच्चों की भावनाओं का सम्मान करते हुए पूरे उत्साह और सहजता के साथ पर्चियों में लिखी गतिविधियों को पूरा किया। इस गतिविधि ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच आत्मीयता एवं आपसी जुड़ाव को और मजबूत किया।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शशि नंदन रावत ने बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल प्रतियोगिताओं से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। वहीं बाल मेले के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान, आर्थिक लेन-देन, गणना, निर्णय लेने की क्षमता और उद्यमशीलता सीखने का अवसर मिलता है।

उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल किताबी ज्ञान देने का स्थान नहीं है, बल्कि बच्चों की छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें निखारने का भी महत्वपूर्ण केंद्र है। ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, स्वतंत्र रूप से अभिव्यक्ति करने और नई चीजें सीखने का अवसर प्रदान करते हैं। बाल दिवस हमें यह संकल्प लेने की प्रेरणा देता है कि प्रत्येक बच्चे को आगे बढ़ने और अपनी क्षमताओं का विकास करने के समान अवसर उपलब्ध कराए जाएं। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक जयदीप ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर होंगे प्रदेशव्यापी आयोजन

जनजातीय गौरव सप्ताह 11 से 18 नवंबर तक मनाएगी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में भाजपा इस वर्ष 11 से 18 नवंबर तक प्रदेशभर में जनजातीय गौरव सप्ताह मनाएगी। इसे लेकर शनिवार को शिवपुरी में भाजपा जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव ने पत्रकार वार्ता में आयोजन की विस्तृत रूपरेखा साझा की। जिला अध्यक्ष ने बताया कि जनजातीय गौरव सप्ताह का उद्देश्य जनजातीय समाज की अस्मिता, संस्कृति, लोककला और गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने के साथ युवाओं को जोड़ना है। 15 नवंबर को प्रदेश स्तरीय मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित केंद्र एवं प्रदेश सरकार के मंत्री शामिल होंगे। प्रदेश के प्रत्येक जिले में 2 से 3 किलोमीटर लंबा भव्य सांस्कृतिक जुलूस निकाला जाएगा, जिसका समापन विशाल रैली के रूप में होगा। उन्होंने बताया कि गौरव सप्ताह के दौरान प्रदेश के प्रमुख शहरों में शासकीय भवनों, सड़कों, चौराहों, पार्कों और सर्किलों का नामकरण जनजातीय महापुरुषों के नाम पर किया जाएगा। प्रत्येक शहर के एक प्रमुख पार्क में जनजातीय नायक एवं नायिकाओं की प्रतिमा स्थापित करने की भी योजना है। 18 से 20 नवंबर तक पूर्व एवं वर्तमान सांसद, विधायक तथा प्रदेश पदाधिकारी जनजातीय अंचलों में जनजाति गौरव चौपाल आयोजित करेंगे।